ROBINSONS
CARGO AND LOGISTICS
ON THE MOVE

2 मुनरो :- "पाठ्यचर्या में वे सभी क्रियाएँ सम्मिलित हैं जिनका हम शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु विद्यालय में उपयोग करते हैं।"

3. हार्न :- "पाठ्यचर्या वह है जो बालकों को पढ़ाया जाता है। यह शांतिपूर्ण पढ़ने या सीखने से अधिक है। इसमें उद्योग, व्यवसाय, मनोरंजन, अभ्यास और क्रियाएँ सम्मिलित हैं।"

4. Casewell :- "The curriculum is all that goes in the lives of children, their parents and teachers. The curriculum is made up everything that surrounds the learner in all his working hours. In fact the curriculum has been described as the environment in motion"

5 Cunningham :- "It is a tool in the hand of the artist (teacher) to mould his material (students) according to his ideal in his studio.

Scanned with CamScanner

ROBINSONS
CARGO AND LOGISTICS
ON THE MOVE

(1) प्राचीन दृष्टिकोण :- इसके अनुसार पाठ्यक्रम विभिन्न प्रकार के ज्ञानों और कुशलताओं का संगठन होता है। जो बालक के दृष्टिकोण से नहीं वह शिक्षा, मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञों के दृष्टिकोण से होता है।

(2) आधुनिक दृष्टिकोण :- पाठ्यक्रम अनुभवों, क्रियाओं का जीवन की वास्तविक परिस्थितियों का संग्रह है, जिनमें बालक भाग लेता है और जिनका वह सामना करता है, इसके अनुसार यह माना जा सकता है कि पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक, विषय वस्तु और अध्ययन के कोर्स से अधिक व्यापक होता है। इसमें बालकों के समस्त अनुभव आते हैं। जिनमें बालकों का सर्वांगीण विकास होता है।

शिक्षा का उद्देश्य समाज के प्रयोजन के अनुसार निर्धारित होते हैं जिसमें सामाजिक कल्याण का संबंध है पाठ्यक्रम में विद्यार्थी के समस्त अनुभव या क्रियाएं आती हैं। अनेक शिक्षा विद्वानों ने अपने अपने ढंग से पाठ्यक्रम को परिभाषित किया है जो निम्न हैं।

1 फ्रोबेल "पाठ्यक्रम को मानव जाति सम्पूर्ण ज्ञान तथा अनुभवों का सार समझना चाहिए।"

Scanned with CamScanner

पाठ्यक्रम का अर्थ और प्रकृति

Meaning and nature of curriculum.

उत्तर - नियोजित शिक्षा के उद्देश्य निश्चित होते हैं और समय की सीमा होती है इसी सीमा के अन्दर कुछ विषयों का ज्ञान एवं क्रियाओं का प्रशिक्षण आवश्यक है सरल रूप में पाठ्यक्रम इसी को कहते हैं शिक्षा द्वारा जिन उद्देश्यों को निर्धारित किया जाता है उनकी प्राप्ति पाठ्यक्रम द्वारा होती है यह उद्देश्य पूर्ति का एक साधन है। विद्यार्थी को शिक्षा देने के लिए पाठ्यक्रम का होना आवश्यक है।

पाठ्यक्रम शब्द का अंग्रेजी होता है करीक्यूलम (curriculum) इस शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा से हुई है जिसका अर्थ होता है दौड़ का मैदान यानि जिस प्रकार दौड़ में व्यक्ति मैदान में दौड़कर अपने उद्देश्यों को प्राप्त करता उसी प्रकार शिक्षा में विद्यार्थी पाठ्यक्रम रूपी मैदान पर दौड़कर अपना शैक्षिक लक्ष्य प्राप्त करता है पाठ्यक्रम को लेकर दो विचारधाराएं हैं
(I) प्राचीन (II) आधुनिक।